समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# मा0 मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान आज करेंगे ''मिशन नगरोदय'' कार्यक्रम का शुभारंभ

## कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल में होगा

रतलाम 11 मार्च । राज्य के नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को गति देने तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नागरिकों को पंहूचाने के उद्देश्य से प्रदेश में ''मिशन नगरोदय'' कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान द्वारा आज 12 मार्च 2021 शुक्रवार को भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम से दोपहर 02:00 बजे से किया जायेगा जिसका सीधा प्रसारण नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा अलकापुरी स्थित कम्यूनिटी हॉल (अटल सभागृह) में एलईडी के माध्यम से किया जायेगा। आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहीमूलक योजना के लाभ का वितरण तथा नगरीय अधोसंरचना के भूमि पूजन एवं लोकार्पण की की कार्यवाही की जायेगी।

नगर निगम द्वारा जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, नागरिक, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया बंधु आदि से अपील की जाती है कि आयोजित कार्यक्रम में कोविड–19 के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग के साथ उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

# महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

## स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत जगह–जगह दिया गया स्वच्छता का संदेश, आकर्षक रांगोली के माध्यम से बताए गए कचरा निपटान के तरीके

रतलाम 12 मार्च। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के हजारों नागरिकों ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने के लिए नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए फीडबैक में सकारात्मक जवाब देने का वादा किया है। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में आज शहर के अनेक शिवमंदिरों में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए वही अलग–अलग स्थानों पर आकर्षक रांगोली बना कर कचरा निपटान के तरीके लोगों को समझाए गए।

गुरुवार को अलसुबह से ही शिव मंदिरों पर नगर निगम के स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम शुरु हो चुके थे। गढकैलाश, काशी विश्वनाथ, मनकामनेश्वर, अमरेश्वर महादैव सहित सभी मंदिरों के आसपास सफाई की विशेष व्यवस्था के साथ ही मंदिर में आए शिवभक्तों को सफाई मित्र समूह के सदस्य फीडबैक पेम्पलेट का वितरण कर उनसे मौके पर ही 1969 पर कॉल करने का अनुरोध करते रहे। अनेक भक्तों ने स्वच्छता से जुड़ी इस पहल की सराहना करते हुए फीडबैक में सकारात्मक जवाब देने का संकल्प दोहराया है।

इस मौके पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वछता भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है। हमारी भारतीय संस्कृति के किसी भी समाज में स्वच्छता की पूरी व्यवस्था होती है. कई त्योहार आदि भी स्वच्छता को ध्यान में रख कर ही मनाये जाते हैं. हमारे आदिवासी समाज साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं. उनके घरों की बसावट और चित्रकला से भी स्वच्छता का महत्व उजागर होता है. आधुनिक समय में स्वच्छता को नया आयाम देने में महात्मा गांधी की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है. उनका स्वच्छता के प्रति लगाव इस कथन से परिलक्षित होता है कि अगर स्वतंत्रता और स्वच्छता में चयन करना पड़े, तो मैं स्वच्छता को चुनूंगा. स्वतंत्रता को टाला जा सकता है, पर स्वच्छता को नहीं टाला जा सकता है।

उन्होने बताया कि अस्वच्छता बीमारियों को जन्म देती है ऐसे में जरुरी है कि हर कोई स्वच्छता को अपना कर अपना जीवन स्वस्थ और शहर को सुंदर बनाने का प्रयास करे। हमारा

प्रयास है कि शहर के सभी वार्ड जीरो वेस्ट हो, इसके लिए प्रयास शुरु किए गए और कुछ वार्डो में जीरो वेस्ट की कार्रवाई प्रगति पर है।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगरवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाए देते हुए कहां कि इस पावन पर्व पर नगर के सभी तीन लाख स्वच्छता सुपर स्टार संकल्प ले कि वे स्वच्छता के मामले में रतलाम को देश में नम्बर–1 बनाएगे और सेव,साड़ी और सोने के बाद सफाई में ही रतलाम का नाम विश्वभर में चर्चित होगा। नागरिक गीला और सूखा कचरा अलग–अलग रख कर इसे कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले। अमानक प्लास्टिक का बहिष्कार करे, डिस्पोजल कप और गिलाश से नाता तोड़े और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर निगम का सहयोग करे।

समाचार / ज.सं.वि. / हेमन्त / 11.03.2021 / न.पा.निगम, रतलाम.